**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–06.06.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर में करोड़ों रूपये की कई विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उदघाटन, कहा–विकास की हर बाधा को मोदी से करना पड़ेगा सामना।**
2. **मुख्यमंत्री ने राज्य के पहले सरकारी मेधा मिल्क पाउडर प्लांट की रखी आधारशिला, कहा–आनेवाले दिनों में दूध, मछली और मुर्गी उत्पादन में राज्य बनेगा आत्मनिर्भर।**
3. **विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को दी जा रही है उन्नत कृषि की जानकारी, खूंटी में किसानों को वैज्ञानिकों ने दिया उन्नत कृषि का प्रशिक्षण।**
4. **राज्यभर में कल मनाया जायेगा बकरीद, राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज को लेकर समय सीमा निर्धारित, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।**
5. **रांची जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सुपर डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट में सेल यूनिट ने मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब को इक्यावन रन से किया पराजित।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने अंजी पुल का भी उद्घाटन किया। इसके साथ–साथ प्रधानमंत्री ने कटरा रेलवे स्टेशन से कटरा और श्रीनगर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री मोदी ने कटरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में 46 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले से राज्य में विकास का वातावरण डिगने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास की हर बाधा को पहले 'मोदी' का सामना करना पड़ेगा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राजधानी रांची के होटवार में राज्य के पहले सरकारी मेधा मिल्क पाउडर प्लांट का शिलान्यास किया। इस दौरान श्री सोरेन ने कहा कि सरकार किसानों के लिए कई योजनायें चला रही है, ताकि उनकी आय बढ़ायी जा सके और वे आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में राज्य दूध, मछली और मुर्गी उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सकेगा।

इस मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस प्लांट के शुरू हो जाने से राज्य को दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस प्लांट की क्षमता दो हजार मीट्रिक टन रहेगा।

*******************

भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट कर लिखा, लगता है हेमंत सरकार भ्रष्टाचार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर ही मानेगी। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि लोहरदगा जिले के पेशरार गांव में सड़क निर्माण में भारी अनियमितता सामने आई है। यह सड़क पथ निर्माण विभाग के अधीन बन रही है, जिसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री स्वयं संभाल रहे हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

*******************

कोरोना काल से बंद पड़ी टाटा–चाकुलिया मेमू ट्रेन को सांसद विद्युतवरण महतो और विधायक पूर्णिमा दास साहू ने आज टाटानगर स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि इन ट्रेनों का परिचालन शुरू होने से चाकुलिया और चाईबासा के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

*******************

उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज गिरिडीह में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी रथ को रवाना किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि तीस जून तक इस रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को

विज्ञान से रुबरु कराया जाएगा। श्री कुमार ने कहा कि छात्र छात्राओं को विज्ञान की जानकारी देने के लिए इस तरह का पहल मील का पत्थर साबित होगा।

*******************

पिछले ग्यारह वर्षों में भारत सरकार ने युवाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित किया है। बेहतर शिक्षा तथा कौशल से लेकर नौकरियों और व्यवसायिक सहायता को लेकर कई कदम उठाये गये हैं।

*******************

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नीट–पीजी 2025 की परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले यह परीक्षा 15 जून को निर्धारित थी, लेकिन बोर्ड ने परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक समय की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नीट–पीजी 2025 की परीक्षा आयोजित करने के लिए बोर्ड को इसके बाद और समय नहीं दिया जाएगा।

*******************

विकसित कृषि संकल्प अभियान कृषि प्रक्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है। पहली बार इस अभियान के माध्यम से किसानों को उनके खेतों में उत्पादन बढ़ाने के टिप्स मिल रहे हैं। इसी के तहत खूंटी जिले के विभिन्न पंचायतों में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को बेहतर पैदावार के टिप्स दिये। इस मौके पर राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रशिक्षण संस्थान नई दिल्ली से आयी देवबंद्या महापात्रा ने बताया कि किसान अपने पैदावार की बेहतर पैकेजिंग कर आमदनी बढ़ा सकते हैं।

*******************

बोकारो पुलिस ने मोटरसाईकिल चोर गिरोह के सरगना सहित तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक हरविंद सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर लगभग एक दर्जन मोटरसाईकिल बरामद किए गए हैं।

*******************

राज्य में बकरीद का त्योहार कल मनाया जायेगा। राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में आज जुमे की नमाज के बाद बकरीद की नमाज को लेकर समय सीमा निर्धारित कर दी गयी है। इधर बकरीद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी जिलों में साढ़े पांच हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती का आदेश दिया है। वहीं असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

*******************

रांची जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित एक्सल डाटा सर्विस सुपर डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब सेल यूनिट कल्ब ने अपने नाम कर लिया है। मेकॉन स्टेडियम में आज खेले गये फाइनल मुकाबले में सेल यूनिट क्लब ने मेकॉन स्पोट्‌र्स क्लब को इक्यावन रन से पराजित किया।

***************